हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 30 मार्च 2024

[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

06 बिसनूर में आर्मी जवान को भेंट की पेंसिल से ...



07 लोगों को डराने वाला आरोपी मय देशी पिस्टल ..



**लोक सभा क्षेत्र**

सतना

1 भाजपा प्रत्याशी
गणेश सिंह

2 कांग्रेस प्रत्याशी
सिद्धार्थ कुशवाहा

**पिछली बार कौन जीता**

गणेश सिंह

**जीत का अंतर**

2 लाख 31 हजार, 473

## गणेश-सिद्धार्थ आमने-सामने, नारायण बिगाड़ेंगे खेल, एक बार त्रिकोणीय मुकाबले में बाजी मार चुकी है बसपा

# विंध्य की सतना सीट पर तीन महाबलियों में मुकाबला

*विंध्य अंचल की सतना लोकसभा सीट में त्रिकोणीय मुकाबला हो सकता है। अंचल के तीन महाबली भाजपा के गणेश सिंह, कांग्रेस के सिद्धार्थ कुशवाहा और बसपा से नारायण त्रिपाठी मैदान में उतर चुके हैं। सिद्धार्थ विधानसभा चुनाव में गणेश को पराजित कर चुके हैं। अब दोनों लोकसभा चुनाव में भी आमने-सामने हैं। बसपा में हाल में शामिल पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी भी कम नहीं हैं। वे दोनों का खेल बिगाड़ने का माद्दा रखते हैं। इसीलिए अभी से यह कहना कठिन है कि पलड़ा किसका भारी है।*

ग्राउंड रिपोर्ट

दिनेश निगम 'त्यागी' ⏭ भोपाल



गणेश सिंह



सिद्धार्थ कुशवाहा



नारायण त्रिपाठी

विंध्य अंचल की सतना लोकसभा सीट के लिए 1996 में हुआ चुनाव भुलाया नहीं जा सकता। तब प्रदेश के दो पूर्व मुख्यमंत्री वीरेंद्र कुमार सकलेचा भाजपा से और अर्जुन सिंह तिवारी कांग्रेस से मैदान में थे। बसपा ने यहां से सुखलाल कुशवाहा को प्रत्याशी बनाया था। चुनाव यादगार इसलिए है क्योंकि सुखलाल दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों अर्जुन सिंह और वीरेंद्र कुमार सकलेचा को हरा कर बाजी मार ले गए थे। सतना में एक बार फिर इसी तरह के मुकाबले के आसार हैं। भाजपा ने विधानसभा चुनाव हारने के बावजूद अपने सांसद गणेश सिंह पर फिर भरोसा किया है और कांग्रेस ने उन्हें चुनाव हरा कर विधायक बने सिद्धार्थ को ही उनके मुकाबले खड़ा किया है। बता दें कि सिद्धार्थ 1996 में अर्जुन सिंह और वीरेंद्र कुमार सकलेचा को हराने वाले सुखलाल कुशवाहा के ही बेटे हैं। बसपा की ओर से मैदान में हैं मैहर क्षेत्र से 4 बार विधायक रहे नारायण त्रिपाठी। क्षेत्र में ब्राह्मणों की तादाद सर्वाधिक लगभग साढ़े 5 लाख है। बसपा का अपना वोट बैंक है ही। इनकी दम पर नारायण भी जीत की उम्मीद कर रहे हैं। इसी आधार पर सतना में त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं। सतना विधानसभा चुनाव में पराजय से साफ है कि गणेश सिंह से लोग प्रसन्न नहीं हैं। गणेश सिंह मोदी लहर के भरोसे जीतने का दावा करते हैं, लेकिन लोगों की नाराजगी को काबू में करना उनके लिए बड़ी चुनौती है। कांग्रेस के सिद्धार्थ लगातार चौथा चुनाव लड़ रहे हैं। विधानसभा के दो चुनाव वे जीत चुके हैं। गांव- गांव फैला कुशवाहा समाज का वोट उनकी ताकत है। बसपा के नारायण दल बदल में अव्वल हैं। ब्राह्मण समाज में पकड़ उनकी ताकत बन सकती है।

### विधानसभा के लिहाज से भाजपा का पलड़ा भारी

विधानसभा चुनाव में मिली सीटें और वोटों के लिहाज से सतना में भाजपा का पलड़ा भारी है। क्षेत्र की दो सीटों सतना और अमरपाटन में ही कांग्रेस का कब्जा है जबकि शेष पांच सीटें भाजपा के पास हैं। कांग्रेस से खुद सिद्धार्थ सतना से विधायक हैं और दूसरे अमरपाटन से पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र कुमार सिंह। कांग्रेस का दोनों सीटों में जीत का अंतर 10 हजार 531 वोटों का ही रहा, जबकि भाजपा ने पांचों सीटें 1 लाख, 4 हजार 74 वोटों के अंतर से जीती हैं। इस तरह भाजपा को विधानसभा चुनाव में ही लगभग 95 हजार वोटों की बढ़त हासिल है। सतना भाजपा के गढ़ के रूप में भी तब्दील है। 1998, 1999 के दो चुनाव रामानंद सिंह जीते और चार बार से गणेश सिंह सांसद हैं।

### क्या रहेंगे मुद्दे?

सतना ऐसा लोकसभा क्षेत्र है, जहां राष्ट्रीय के साथ प्रादेशिक और स्थानीय मुद्दे भी चुनाव में असर डालते हैं। भाजपा यहां मोदी लहर पर सवार है, लेकिन सांसद गणेश सिंह से नाराजगी भी मुद्दा है। व्यक्तिगत नाराजगी के कारण ही वे विधानसभा का चुनाव हार गए। सतना में जातीय समीकरण भी मुद्दों की तरह काम करते हैं। कई समाजों की दूसरे समाजों से नहीं बनती। इसकी वजह से एक समाज एक जगह जाता है तो प्रतिद्वंद्वी समाज दूसरे दल की ओर रुख कर लेता है। भाजपा केंद्र एवं राज्य सरकार के कामों के बूते वोट मांगेगी और कांग्रेस उनकी नाकामियां गिनाएगी। कांग्रेस की अपनी गारंटियां भी चुनाव का मुद्दा हैं।

### सतना जिले को मिला कर बनी लोस सीट

सतना लोकसभा सीट में कोई मिलावट नहीं है। जिले की सभी सात विधानसभा सीटें इसके तहत आती हैं। ये सीटे हैं चित्रकूट, रैगांव, सतना, नागौद, मैहर, अमरपाटन और रामपुर बघेलान। कोई दूसरा जिला इसमें शामिल नहीं है। क्षेत्र में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह और अमरपाटन से विधायक राजेंद्र सिंह भी ताकतवर हैं। अजय सिंह 2014 में यहां से चुनाव लड़ चुके हैं और लगभग 8 हजार वोटों के अंतर से ही हारे थे। उनके पिता पूर्व मुख्यमंत्री स्व अर्जुन सिंह भी यहां से सांसद रहे हैं। इस नाते उनके समर्थकों की अच्छी खासी तादाद क्षेत्र में है। यदि सिद्धार्थ को अजय सिंह और राजेंद्र कुमार सिंह का साथ मिल जाए तो वे कड़ी टक्कर दे सकते हैं।

### ब्राह्मण ज्यादा, पिछड़ा वर्ग भी कम नहीं

सतना लोकसभा चुनाव में जातीय समीकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। क्षेत्र में ब्राह्मण मतदाताओं की तादाद सबसे ज्यादा लगभग साढ़े 5 लाख के आसपास है। यह वर्ग गणेश सिंह से नाराज बताया जाता है। इसका लाभ बसपा के नारायण त्रिपाठी को मिल सकता है। दलितों का एक हिस्सा बसपा को वोट देता ही है। दूसरे नंबर पर लगभग डेढ़ -डेढ़ लाख पटेल और कुशवाहा समाज के मतदाता हैं। इनका क्रमशः भाजपा के गणेश और कांग्रेस के सिद्धार्थ के पास जाना तय है। इनके अलावा पिछड़े वर्ग की अन्य जातियां भी काफी तादाद में हैं। इनका भाजपा और कांग्रेस के बीच बंटवारा हो सकता है।

## 1 माह में 205 वाहनों पर चालानी कार्रवाई 5 लाख 67 हजार रुपए जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



लोकसभा 2024 चुनाव की तारीख तय होने के साथ ही निर्वाचन आयोग द्वारा अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए लगातार निर्देश जारी किए जा रहे है। विभिन्न विभागों द्वारा निर्वाचन आयोग के निर्देशों का सख्ती के साथ पालन करवाया जा रहा है। इसी तरह आरटीओ नर्मदापुरम जांच दल द्वारा फरवरी-मार्च वित्तीय वर्ष की समाप्ति तथा आचार संहिता के दृष्टिगत जिले में संचालित तथा जिले से गुजरने वाले वाहनों को रोककर सघन तलाशी की जा रही है।

जिन वाहनों में दस्तावेजों की कमी, काली फिल्म, हूटर, अवैध नगदी, अवैध हथियार, मादक पदार्थ आदि पाए जा रहे है, ऐसे वाहनों पर सख्ती से कार्यवाही की जा रही है, विगत 1 माह में आरटीओ जांच दल द्वारा जिले के विभिन्न मार्गो पर पाए गए अपूर्ण वाहनों पर सख्ती से चालानी कार्रवाई करते हुए लगभग 205 वाहनों के चालान काटे गए, जिनसे कुल राजस्व 2 लाख 67 हजार रुपए चालान वसूला गया। जिनमें से 5 हूटर लगे वाहन से 15 हजार रुपए, 2 बिना बीमा वाहन से 10 हजार रुपए, बिना फिटनेस वाहन से 10 हजार रुपए, 165 वाहनों में नंबर प्लेट सही नहीं पाई गई। ओवरलोड 17 वाहनों से 4 लाख 36 हजार रुपए का चालान वसूला गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार आरटीओ अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में आरटीओ जांच दल द्वारा नर्मदापुरम जिले के विभिन्न मार्गो पर लगातार जांच अभियान चलाया जाएगा तथा प्रत्येक वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। आदर्श आचार संहिता का पालन न करने वाले प्रत्येक वाहनों पर सख्ती से चालानी कार्यवाही लगातार की जाएगी। जिन वाहनों के द्वारा लगातार नियमों का पालन नहीं किया जाएगा उक्त वाहनों चालानी कार्यवाही तथा जप्त करने की कार्यवाही की जाएगी।

## 150 कांग्रेसियों ने ली भाजपा की सदस्यता





हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले के कांग्रेस के पूर्व युवा छात्र नेता समीर जायसवाल के नेतृत्व में लगभग 150 पुरुष एवं महिला को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस दौरान समीर जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री के जनहित व लोक कल्याणकारी कार्यों और विचारों से प्रभावित होकर एवं सत्य सनातन धर्म के मूल स्तंभ भगवान श्रीराम को समर्पित करते हुए भाजपा में शामिल हुए। इस अवसर पर अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष भुजबल सिंह अहिरवार, अजामो से प्रदेश मीडिया प्रभारी सूरज खरे, अजामो के पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल आर्य, बबला सोनी, राजेंद्र आदि लोग भी उपस्थित थे।

## दृष्टिबाधित बच्चों ने जमकर मनाई होली



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भोपाल तिराहा रसूलिया में स्थित सहयोग विशेष आवासीय विद्यालय के दृष्टिबाधित बच्चों ने होली के त्यौहार को बहुत ही खुशी और उत्साह के साथ मनाया। विद्यालय की प्राचार्य आरती राय ने बच्चों को होली के त्यौहार का महत्त्व बताया एवं विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाओं ने भी बच्चों के साथ जमकर होली खेली, दृष्टिबाधित बच्चों का हौसला बढ़ाया और उन्हें एहसास दिलाया की वे समाज से अलग नहीं हैं। उन्होंने बताया कि पूरा समाज बच्चों के साथ है। होली मनाते हुए ये दृष्टिबाधित बच्चे बहुत ही आनंदित नजर आए। होली खेलने के बाद सभी को मिठाई वितरित की गई। शिक्षक–शिक्षिकाओं ने बच्चों को उनके जीवन में होली के रंगो की तरह रंगने भरने की प्रेरणा तथा आशीर्वाद दिया।

## संयुक्त व्यापार महासंघ के होली मिलन समारोह का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

संयुक्त व्यापार महासंघ शनिवार को दोपहर 2 से शाम 5 बजे के बीच होली मिलन समारोह का आयोजन करेगा। यह कार्यक्रम जवाहर बाजार चौक पुराना फल बाजार में होगा। संगठन के अध्यक्ष दीपक हरिनारायण अग्रवाल, सचिव सम्मुखदास सनी चेलानी, कोषाध्यक्ष राजेंद्र बबलू अग्रवाल, युवा शाखा अध्यक्ष लकी गुरयानी और महामंत्री अर्जुन भोला ने संयुक्त रूप से बताया कि होली मिलन समारोह में केवल आर्गेनिक गुलाल का ही उपयोग किया जाएगा, कोई भी अन्य रंग या गीला रंग नहीं लगाया जाएगा। उन्होंने व्यापारियों से आग्रह किया है कि समय पर उपस्थित होकर संगठन के इस मिलन समारोह को सफल बनायें।

### सी - विजिल एप से हो रहा शिकायत का तत्काल निराकरण

**नर्मदापुरम।** आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होते ही सी विजिल एप पर शिकायतें प्राप्त होने लगी है। 29 मार्च की स्थिति में नर्मदापुरम जिले में पांच शिकायतें प्राप्त हुई थी। जिनमें सभी पांच शिकायतों का निराकरण 100 मिनट के अंदर पर कर दिया गया। सी विजिल एप में आदर्श आचार संहिता की उल्लंघन से जुड़ी किसी भी प्रकार की सीधी शिकायत यदि कोई करना चाहते हैं तो वह ऐप के माध्यम से कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित नागरिकों को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर सी विजिल एप डाउनलोड करना होगा। इसके लिए नागरिकों को ऐसे किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो सी विजिल एप पर अपलोड करना होगा। शिकायत मिलने पर अगले 100 मिनट के अंदर पर कार्रवाई की जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श चुनाव आचरण संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निराकरण के लिए सी सी विजिल एप तैयार किया गया है। इस एप के माध्यम से कोई भी नागरिक राजनीतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी तरह से धन, सामग्री, कपड़े, जेवरात आदि का वितरण करने, मतदाताओं को उनके पक्ष में मतदान करने के लिए धमकाने, मतदाताओं को स्वयं के वाहन से परिवहन करने, किसी भवन स्वामी की अनुमति के बिना उसके भवन या दीवारों या परिसरों पर प्रचार सामग्री लगाने या दीवार पर विज्ञापन लिखवाने सहित अन्य प्रकार की शिकायत कर सकते हैं।

### नोडल अधिकारी नियुक्त

**नर्मदापुरम।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान के दिन एवं मतदान के दिन से एक दिन पूर्व भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली की इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी (ईएमएमसी) से प्राप्त आयटम/ न्यूज़ पर प्रति 2 घंटे में एक्शन टेकन रिपोर्ट (ए.टी.आर) भेजे जाने के लिए प्रभारी डिप्टी कलेक्टर जिला कार्यालय नर्मदापुरम असवन राम चिरामन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनका दूरभाष क्रमांक 9893748094 है।

## मतदाताओं को जागरूक करने स्व सहायता समूह की महिलाओं के बीच खेला गया क्रिकेट मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाताओं को जागरूक करनें के लिए निरंतर जिले में स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में सिवनी मालवा के शिवपुर में मतदाता जागरूकता के लिए क्रिकेट का आयोजन किया गया जिसमे केसला ओर सिवनी मालवा की स्वसहायता समूह की महिलाओं के बीच मतदाता जागरूकता क्रिकेट खेल खेला गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम एस एस रावत द्वारा किया गया। जिसमें सिवनी मालवा की टीम विजयी हुई। विजयी टीम को सीईओ जिला पंचायत श्री रावत द्वारा पुरष्कृत भी किया गया। खेल के समापन पर सभी खिलाड़ियों ने एवं दर्शकों ने ली मतदान करने और मतदाता जागरूकता की शपथ। इस दौरान जनपद सीईओ केसला एवं सिवनी मालवा मौजूद रहे।





## जिझौतिया परिवार संगम कार्यक्रम 'एकरंग

# मतदाताओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आगामी लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत नगर के अग्रणी सांस्कृतिक संगठन नर्मदापुरम कला जगत ने 'नर्मदायन' के सभाकक्ष में आयोजित जिझौतिया परिवार संगम कार्यक्रम 'एकरंग' में बुंदेली फाग, गीत-संगीत के संग होली मिलन और विविध पारम्परिक सुस्वादु व्यंजनों का आनंद लेते हुए 26 अप्रेल को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के सामाजिक दायित्व के निर्वहन की आवश्यकता पर बल दिया। नर्मदापुरम कला जगत के अध्यक्ष डॉ. संतोष व्यास ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मताधिकार का प्रयोग राष्ट्र निर्माण के लिए करें और अपने आसपास के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। अध्यक्षीय उद्बोधन में सुषमा चौबे ने कहा कि परिवार समाज की प्रथम सीढ़ी होते हैं परिवार मज़बूत होंगें तो समाज मज़बूत होगा। समाज ही राष्ट्र का निर्माण करता है। कार्यक्रम में सविता व्यास, अखिलेश पाठक, नीलिमा पाठक, मुकेश दीवान, नीलिमा दीवान, डॉ. नमन तिवारी, अपर्णा तिवारी, राकेश दुबे, सीमा दुबे, ओम पुरोहित, प्रतिभा पुरोहित, मनीष दुबे, माधवी दुबे, दीक्षा दुबे, यथार्थ तिवारी, सिद्धी तिवारी, तेजस पुरोहित सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के अंत में आभार राकेश दुबे ने व्यक्त किया।



### भू पर धधकती नरवाई की आग, लोग हो रहे परेशान

**नर्मदापुरम।** जिले में खरीफ के सीजन के तहत गेहूॅं कटाई के बाद लगातार किसान खेतों में नरवाई जला रहे हैं। इससे आसपास खेत के दूसरे किसानों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। विगत वर्षो में एनजीटी ने खेतों में आग लगाने पर जुर्माना वसूली का आदेश भी दिये । इसके बाद भी किसानों पर विभाग किसी तरह की कार्रवाई नहीं कर रही है। कृषि विभाग के ढीले रवैया के चलते किसानो को जागरुक नही कर पा रहा है जिसके अभाव में खेतो में आगजनी से मिट्टी की उर्वरा क्षमता घट रही है। इसके बाद भी किसान नहीं चेत रहे है। वही दूसरी तरफ फसल अवशेष जलाने से बढ़ रहा ग्लोबल वार्मिंग अवशेषों के जलने से ग्लोबल वार्मिंग के खतरे को बल मिलता है। इससे पर्यावरण प्रदूषित होता है तथा इसका प्रभाव मानव और पशुओं के अलावा मिट्टी के स्वास्थ्य पर भी पड़ता है।

## 38 पाव विदेशी शराब का परिवहन करते हुए दो आरोपी पकड़े गए

### आबकारी विभाग की टीम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशन में एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में जिले में चलाए जा रहे अवैध मदिरा परिवहन, विक्रय, संग्रहण, निर्माण के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत माखन नगर रोड के चक्कर चौराहे पर नाकाबंदी करने पर दो आरोपियों से परिवहन करते हुए कुल 38 पाव अंग्रेजी शराब जप्त किया गया एवं मदिरा परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जप्त कर कब्जा आबकारी लिया गया है। दोनों आरोपियों नितेश मंडल पिता अनु चंद्रोल तथा विपिन अहिरवार के खिलाफ मप्र आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। जप्त मदिरा एवं मोटरसाइकिल की कुल कीमत 70 हजार रूपए आंकी गई है। आबकारी नर्मदापुरम टीमों द्वारा पूरे जिले भर में अवैध मदिरा के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर द्वारा बताया गया कि आबकारी टीमों द्वारा जिले भर में अवैध मदिरा विक्रय के खिलाफ करवाई आगे भी जारी रहेगी।

**खबर संक्षेप**

### बदमाश सुनील उर्फ लेफ्टी के विरुद्ध एनएसए की कार्रवाई

**बैतूल।** थाना सारणी क्षेत्र का गुंडा बदमाश सुनील उर्फ लेफ्टी पिता मुन्नालाल बंगाली निवासी बाजार मोहल्ला सारणी जिला बैतूल का सन 2008 से लगातार आपराधिक गतिविधियों में सलिप्त है, इसके विरुद्ध थाना सारणी में आम जनता के साथ मारपीट करना, जान से खत्म करने की धमकी देना, जान से मारने की नीयत से मारपीट करना, चाकूबाजी करना,चोरी करना, शासकीय सेवकों के साथ मारपीट करना उनके कार्य में बाधा उत्पन्न करना,आगजनी करना, अवैध रूप से रुपए की वसूली करना, अवैध रूप से हथियार रखना, छेड़छाड़ करना एवं दुष्कर्म करने संबंधी अपराध सहित 35 अपराध पंजीबद्ध हैं। इसके विरुद्ध समय-समय पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई है, किंतु इसकी आपराधिक गतिविधियों में सुधार नहीं आ रहा था। सुनील लेफ्टी की आपराधिक गतिविधियों के कारण सारणी क्षेत्र की आम जनता में भय एवं आतंक का माहौल निर्मित होते जा रहा था। इसकी आपराधिक गतिविधियों का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आम जनता उसके विरुद्ध थाना में रिपोर्ट करने से डरती थी। बदमाश सुनील लेफ्टी की आपराधिक गतिविधियों में अंकुश लगाने के लिए समय-समय पर पुलिस द्वारा प्रतिबंधात्मक कार्यवहिया की गई है लेकिन कोई सुधार नहीं आ रहा था।

### 4 टीआई, 6 एसआई सहित 50 पुलिसकर्मी कलेक्ट्रेट में तैनात

# कलेक्ट्रेट का सुरक्षा घेरा ऐसा की परिंदा भी नहीं मार सकेगा पर!

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल**

लोकसभा चुनावों के दूसरे चरण में होने वाले चुनाव को लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय में नामांकन प्रक्रिया आज से शुरू हो चुकी है। कार्यालय के भीतरी परिसर में अभ्यार्थियों को नामांकन फार्म उपलब्ध कराए जाने के लिए कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों की अलग से नियुक्ति की गई है। 8 अप्रैल तक संचालित होने वाली नामांकन प्रक्रिया को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। परिसर के अंदर और बाहर लगभग आधा पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इनकी कलेक्ट्रेट परिसर में आने-जाने वालों पर पैनी नजर रहेगी। खास बात तो यह है कि मुख्य द्वार पर मेटल डिटेक्टर लगाया गया है। इसकी कमान टेक्निकल स्टाफ संभाल रहा है। ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों को तेज धूप से बचाने के लिए पंडाल भी लगाया गया है। अगले 12 दिनों तक पुलिस की कड़ी निगरानी में नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न कराई जाएगी। एसडीओपी की कमांड में होगी निगरानी

नामांकन प्रक्रिया के दौरान कोई अप्रिय स्थिति का सामना ना करना पड़े, इसके लिए पुख्ता इंतजाम के साथ कलेक्ट्रेट के चारों तरफ सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। एसपी निश्चल झारिया के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट



परिसर सुरक्षा की कमांड एसडीओपी शालिनी परस्ते को सौंपी हैं। इनकी कमांड में 4 टीआई 6 एसआई सहित 50 पुलिसकर्मी कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास तैनात किए हैं। कलेक्ट्रेट मुख्य प्रवेश द्वार सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं, ताकि कोई परिंदा भी पर न मार सके।

#### दो भागों में बंटा कलेक्ट्रेट परिसर

सुरक्षा की दृष्टि से कलेक्ट्रेट परिसर को दो भागों में बांटा गया है। एसडीओपी शालिनी परस्ते ने बताया कि, कलेक्ट्रेट के दोनों गेटों के बीच मे बैरिकेड लगाकर परिसर को दो हिस्सों में बांटा गया है। मीडिया सेंटर के सामने वाले गेट को आम नागरिकों के लिए बंद कर दिया गया है। इस गेट से सिर्फ नामांकन फार्म लेने वाले अभ्यर्थियों और कलेक्ट्रेट के उन कर्मचारियों को ही एंट्री दी जाएगी जिनकी निर्वाचन कार्य में ड्यूटी लगाई गई है और जिनके पास अधिकृत परिचय पत्र उपलब्ध होगा। इसके अलावा नामांकन फार्म जमा करने वाले अभ्यर्थियों को भी इसी गेट से एंट्री दी जाएगी जो सीधे कलेक्ट्रेट के पहले गेट से होते हुए नामांकन फार्म जमा किये जाने वाले कक्ष तक पहुंच जाएंगे। कोई अवांछित व्यक्ति हथियार आदि लेकर परिसर में प्रवेश ना कर पाए इसके लिए गेट पर मेटल डिटेक्टर भी लगाया गया है जिन्हें टेक्निकल स्टाफ ऑपरेट करेगा। एमएलबी गेट से प्रवेश करेंगे आमजन निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर आम जनता को जरूरी कार्यों से कलेक्ट्रेट आने जाने में कोई परेशानी ना हो इसके लिए एमएलबी स्कूल के बाजू वाले गेट पर व्यवस्था बनाई गई है। एसडीओपी शालिनी परस्ते ने बताया कि आम जनता के प्रवेश के लिए अलग से व्यवस्था बनाई गई है। एमएलबी स्कूल के बाजू वाला गेट आम जन के लिए खोल दिया गया है लेकिन यहां पर्याप्त पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। आमजन इस गेट से प्रवेश कर सीधे जिला पंचायत की ओर बने हुए कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार से कलेक्ट्रेट कार्यालय के अंदर एंट्री कर सकते हैं। कलेक्ट्रेट के अंदर कलेक्ट्रेट कोर्ट में नामांकन जमा किये जाने की व्यवस्था की गई है। लेकिन इस तरफ आम जनों की आवाजाही पूर्णतः प्रतिबंधित की गई है। लोग कलेक्टर कोर्ट की तरफ ना जा सके इसके लिए भी बैरिकेड लगा कर रास्ता बंद किया गया है। 3 अभ्यर्थियों ने प्राप्त किया नामांकन लोकसभा चुनाव के पहले दिन चुनाव लड़ने के इच्छुक अभ्यर्थियों में उत्साह भी देखने को मिला नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के चंद घंटों के भीतर ही तीन अभ्यर्थियों ने निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर नामांकन फार्म हासिल किया। इनमें भैयालाल बेठे बहुजन मुक्ति पार्टी, अशोक भलावी बहुजन समाजवादी पार्टी तथा जौहरी लाल इवनाती गोंडवाना गणतंत्र पार्टी शामिल हैं।

### घटना में नहीं हुई जनहानि

## टायर फटने के बाद ट्रक से जा टकराई कार, कार के उड़े परखच्चे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई**

नागपुर हाईवे पर ग्राम भिलाई के पास आज एक कार का टायर अचानक फट गया,जिससे कि कार अनियंत्रित होकर एक ट्रक से जा टकराई। हालांकि दुर्घटना में कार में सवार किसी भी व्यक्ति को चोट नहीं आई है, लेकिन एक बड़ा हादसा टल गया है। ट्रक भी गति में था ऐसे में यदि ट्रक के ब्रेक नहीं लगते तो बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि इस दुर्घटना में कार एक और से पूरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गई है और उसके परखच्चे उड़ गए हैं। पुलिस ने कार चालक की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। कार सवार राजेश टेम्भेकर इटारसी ने बताया कि वह ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में कार्यरत है,वह अपने परिवार को छोड़ने के लिए इटारसी से नागपुर जा रहा था। मुलताई के समीप ग्राम भिलाई के पास अचानक उसकी कार का एक टायर फट गया, जिससे कि कार



अनियंत्रित हो गई और एक ट्रक से जाकर टकरा गई। दुर्घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। हालांकि कार में सवाल लोगों को चोट नहीं आई है, लेकिन कार एक और से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। बताया जा रहा है कि कार भी तेज गति में थी और अचानक कार का टायर ब्लास्ट हो गया,जिससे दुर्घटना हुई है।

### मतदाता जागरूकता के लिए साइकिल रैली 31 मार्च को: अक्षत जैन

**बैतूल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अनुक्रम में अधिक से अधिक मतदान के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता के लिए साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। सहायक कलेक्टर ऐश्वर्य वर्मा ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, स्वीप नोडल अधिकारी अक्षत जैन की अगुवाई में यह रैली निकाल जाएगी। रैली में निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद, जिले के समस्त विभागीय अधिकारी, खिलाड़ी, युवा मतदाता के साथ छात्र-छात्राएं भी शामिल होगी। मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने यह रैली में शामिल होगे। रैली रूट चार्ट- ऑडिटोरियम से प्रातः 7.30 बजे प्रारंभ होगी। रैली शिवाजी चौक, कलेक्ट्रेट, लल्ली चौक, गांधी चौक, थाना चौक, कमानी गेट, गणेश चौक होते हुए कॉलेज चौराहा, मस्जिद चौक, रेलवे स्टेशन, मैकेनिक चौक, कारगिल चौक, अंबेडकर चौक होते हुए वापस शिवाजी चौक ऑडिटोरियम पहुंचेगी।

## एक सप्ताह में भी नहीं खुला गेहूं खरीदी का खाता, केंद्रों पर सन्नाटा

### मंडी में हो रही है गेहूं की बंपर आवक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल**

समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी प्रारंभ हुए एक सप्ताह बीत गया है। अभी तक कोई भी किसान खरीदी केंद्र पर उपज लेकर नहीं पहुंचा। खरीदी की रफ्तार इसी तरह से चलती रही तो जिले को मिला टारगेट भी पूरा नहीं होगा। इधर कृषि उपज मंडी में गेहूं की बम्पर आवक हो रही है और खरीदी केन्द्र पर सन्नाटा पसरा है।

किसान समर्थन मूल्य में उपज बेचने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस बार हजारों किसानों ने समर्थन मूल्य पर उपज बेचने के लिए पंजीयन तो कराया है, लेकिन उपज बेचने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। इसका कारण यह है कि समर्थन मूल्य कम हैं, जबकि मंडी में दाम अधिक मिल रहे है। मंडी में दाम अधिक मिलने के साथ-साथ नगद भुगतान भी हो जा रहा है। समर्थन मूल्य में किसानों को समय पर भुगतान नहीं हो पाता है। यही कारण है कि किसान समर्थन



मूल्य पर उपज बेचने के बजाय कृषि मंडी में उपज बेचने के लिए मजबूर हो रहे हैं। गुरुवार को भी मंडी में 9024 बोरे गेहूं की आवक हुई। जानकारी के मुताबिक समर्थन मूल्य पर उपज बेचने के लिए बहुत कम किसानों ने स्लॉट बुक किए हैं। जिन किसानों ने स्लॉट बुक किए हैं, वे भी उपज लेकर नहीं पहुंच रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि पंचमी के बाद किसान उपज लेकर आ सकते हैं और खरीदी की रफ्तार बढ़ेगी। जिला आपूर्ति अधिकारी केके टेकाम ने बताया कि समर्थन मूल्य पर उपज बेचने के लिए अब तक 40 किसानों ने पंजीयन किया है। संभावना है कि अब किसान खरीदी केन्द्रों पर उपज लेकर आएंगे। समर्थन मूल्य पर गेहूं, चना सहित अन्य उपज के लिए 60 खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं। इन सभी 60 केन्द्रों पर अभी सन्नाटा पसरा हुआ है। किसानों की संख्या को देखते हुए खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं। इसके अलावा जहां किसानों की संख्या कम है वहां पर खरीदी केन्द्र नहीं बनाए गए है। अभी 10 खरीदी केन्द्रों की अनुमति मिलना बाकी है। इन खरीदी केन्द्रों की अनुमति मिलती है तो कुल खरीदी केन्द्रों की संख्या 70 हो जाएंगी

## महिला ने अपहरण कर दुराचार के लगाए आरोप, एसपी से शिकायत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल**



मोहदा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बीरपुरा की एक आदिवासी कोरकू महिला का दो मासूम बच्चों के साथ अपहरण कर दुराचार करने का मामला सामने आया है। इसकी शिकायत फरियादी महिला ने पुलिस अधीक्षक से की है। महिला ने बताया कि विगत चार माह पूर्व वह 3 दिसंबर को बच्चों के साथ अपने ससुराल जाने के लिए निकली थी। इसी बीच रास्ते में अनावेदक गुलाब, रामसिंह और दिलीप ने जबरदस्ती गाड़ी में बिठा लिया और गांव से कुछ दूर जंगल में ले जाकर बच्चों को जान से मारने की धमकी देकर दुराचार किया। इसके बाद बंधक बनाकर एक कमरे में रखा। महिला के अनुसार अनावेदक गुलाब बंधक बनाकर रोज गलत काम करता था। बीती रात वे मौका देखकर वहां से निकल गई। सुबह अपने मायके पहुंची और परिजनों को इस घटना के बारे में जानकारी दी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि दामजीपुरा थाने में पुलिसकर्मी अनावेदकों से मिलकर उनकी रिपोर्ट नहीं लिख रहे हैं। इस मामले में उन्होंने एसपी को आवेदन सौंप कर कार्रवाई करने का आग्रह किया।

### नाबालिग लड़की को दस्तयाब करने में घोड़ाडोंगरी पुलिस को मिली सफलता

**बैतूल।** घोड़ाडोंगरी क्षेत्र की रहने वाली महिला ने रिपोर्ट की थी कि उसकी नाबलिग लडकी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर ले गया है । जो रिपोर्ट के बाद नाबालिग बच्ची को लगातार तलाश किया जा रहा था जो मुखबिर सूचना के आधार पर नाबलिग बच्ची को बरेठा से दस्तयाब किया गया जिसने पूछताछ पर बताया कि कक्षा 9 वी में फेल होने के कारण घर वाले गुस्सा कर रहे थे जिस कारण से वह घर मे किसी को बिना बताए इंदौर चली गई थी फिर बरेठा मे अपनी मौसी से मिलने आई थी । जो नाबालिग लडकी द्वरा उसके साथ कोई घटना नहीं होना बताया है।

## युवक की पीट-पीट कर हत्या करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### युवक की पिटाई के बाद अस्पताल में इलाज के दौरान हुई थी मौत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल**

जिले के साईं खेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम गुड़ी में एक युवक की हुई हत्या की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। हत्या करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 26 मार्च को सूचना मिली थी कि गांव के आंगनबाड़ी के पास बुधराव पिता मन्नी इवने उम्र 29 साल बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ है।

सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जा रहे थे रास्ते में ही युवक की मौत हो गई थी। पुलिस मार्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिलने के कारण पुलिस ने हत्या की आशंका जताई थी। जब पुलिस ने इस पूरी मामले की जाँच शुरू की तो पता चला कि 26 मार्च रात्रि 09.30 बजे करीब गांव मे आंगनबाड़ी केंद्र के सामने रोड पर बुधराव इवने की बेहोशी की हालत में पड़े होने की



सूचना मिलने पर बुधराव के दोनो भाई घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों को पता चला कि बुधराव इवने के साथ अकारण ही कैलाश पिता फुलाजी धुर्वे उम्र 26 साल (2). पंकज पिता चैपू नरें उम्र 21 साल दोनो निवासी गुड़ी द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की नियत से हाथ थप्पड़ लात घूसों से मारपीट की है। जिससे वह बेहोश हो गया। मृतक बुधराव को सिर में पीछे एवं चेहरे पर चोटे लगी थी। नाक से खून भी आ रहा है, परिजन जल्दी से एक गाडी करके बुधराव को अस्पताल बैतूल ले जा रहे थे तो रास्ते मे बैतूल बाजार के पास बुधराव की मौत हो गयी। मृतक बुधराव इवने के साथ पंकज नरें व कैलाश धुर्वे द्वारा की गई हाथ थप्पड़ लात घूसो से मारपीट के कारण सिर में चोट आने से बुधराव की मौत हुई। पुलिस ने आरोपियों पंकज नरें व कैलाश धुर्वे के विरुद्ध धारा 302,34 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी मे निरीक्षक मुकेश ठाकुर, पूनमचंद साहू, दिलीप झरबड़े, विनय जायसवाल, राजकुमार धुर्वे, रविन्द्र नागले, विनोद साहू, कुमेश की अहम भूमिका रही।

## व्यय प्रेक्षक ने की निर्वाचन तैयारी व संसदीय क्षेत्र की भौगोलिक समीक्षा



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल**

बैतूल संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय आईआरएस पी.दिवाधर द्वारा शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एआरओएस, एसडीएम एवं निर्वाचन कार्य में संबंध अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। सहायक कलेक्टर ऐश्वर्य वर्मा ने बताया कि नाके एवं चेक पोस्ट पर सतत निगरानी जारी है। कानून व्यवस्था पूर्व की तरह चाक चौबंद है।

श्री वर्मा द्वारा बताया गया कि एमसीएमसी प्रकोष्ठ पेड न्यूज पर बराबर नजर रखे हुए हैं। तीन स्तरों पर पेड न्यूज पर निगरानी की जा रही है। प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया पर पेड न्यूज की मॉनिटरिंग एमसीएमसी प्रकोष्ठ द्वारा पृथक-पृथक तीन-तीन दल बनाकर की जा रही है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा निर्वाचन के दौरान बैतूल ने अधिकृत प्रकरण मौखिक किए थे। श्री दिवाधर द्वारा पेड न्यूज के प्रकरण समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। व्यय लेखा समिति ऐश्वर्य वर्मा ने बताया कि व्यय लेखा समिति भी अपने स्वरूप में प्रकरणों को निराकृत कर रही है। प्रेक्षक श्री दिवाधर द्वारा जप्ती टीम से आचार संहिता की तिथि से अभी तक की गई प्रतिबंधात्मक नगदी, आभूषण, मादक पदार्थ आदि के विषय में जानकारी ली। श्री वर्मा ने बताया कि विगत दिनों महाराष्ट्र एवं प्रदेश की सीमा पर स्थित चेक पोस्ट से एक वाहन जब्त किया गया, जिसमें लगभग 26 लाख रुपए से अधिक की चांदी और सोना जप्त किया गया। श्री दिवाधर द्वारा संसदीय क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति की समीक्षा की। अंतरराज्यीय सीमाओं पर स्थित चेक पोस्ट एवं अन्य मार्ग से आने वाले वाहनों एवं व्यापारियों पर निगाह रखने निर्देश दिए। बैठक में एडीएम राजीव रंजन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद, एसडीएम बैतूल राजीव कहार, मुलताई, आमला भैंसदेही, घोड़ाडोंगरी, टिमरनी, हरसूद एवं हरदा के एसडीएम, राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

## विज्ञान भवन में मतदान पर सेमिनार आयोजित




**बैतूल।** मध्यप्रदेश शासन मुख्य पदाधिकारी निर्वाचन भोपाल, जिला निर्वाचन अधिकारी बैतूल कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी, जिला पंचायत सीईओ एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी अक्षत जैन के आदेश के परिपालन में जेएच कॉलेज बैतूल के विज्ञान भवन में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे के संरक्षण में, प्राणीशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. बीडी नागले की उपस्थिति में स्वीप के जिला सहायक नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में डॉ. कमलेश अहिरवार के संयोजन में लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान जरूरी है, विषय पर 220 विद्यार्थियों की सहभागिता में स्टेट लेवल सेमिनार संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रतिभा चौरे ने आभार प्रकट मनोहर गावंडे ने किया। प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे ने सभी विद्यार्थियों को भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा हमारे भारत देश के संविधान में स्वतंत्र निर्वाचन आयोग की स्थापना 1950 में कर भारत में लोकतंत्र स्थापित किया है। इसके अंतर्गत विधानसभा, लोकसभा एवं स्थानीय नगरीय निकाय के चुनाव प्रति पांच वर्षों में होते हैं।

## बिसनूर में आर्मी जवान को भेंट की पेंसिल से बनाई पेंटिंग



**बैतूल।** जिले के प्रभात पट्टन विकासखंड के ग्राम बिसनूर में रेखा वडुकले द्वारा आर्मी जवान शुभम धोटे को पेंसिल से स्क्रैच बनाकर भेंट की है. गायत्री परिवार की तरफ से होली पर्व मनाया गया. इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में आर्मी जवान का फूल मालाओं से स्वागत किया और पेंसिल से बनाई गई पेंटिंग भेंट की गई. इस दौरान कार्यक्रम में ग्राम सरपंच प्रियंका ठाकरे, दुर्गेश वडुकले, हरिभाऊ सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### पटेल वार्डवासियों ने कहा- सुविधा नहीं तो कैसा टैक्स

# नाली में गिरने से हुई युवक की मौत के बाद भी नहीं चेता प्रशासन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई**

पटेल वार्ड की नाली में गिरने से हुई एक व्यक्ति की मौत के बावजूद नगर प्रशासन नहीं चेता है। मुख्य मार्ग के बीच में स्थित यहा नाली में गीरकर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। जिसको लेकर पटेल वार्ड वासियों में रोष है आज जब नगर पालिका का अमला पटेल वार्ड 2 नंबर पंप के पास जाफर पटेल की गली में टैक्स वसूली करने पहुंचा तो वार्ड वासियों की पीड़ा छलक आई। वार्ड वासियों ने कर्मचारियों से कहा कि रोड नहीं , नाली नहीं , स्टेट लाइट भी नहीं है मुख्य मार्ग के बीच से बहने वाली गंदे पानी की नली में गिरकर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। इसके बावजूद नगर पालिका टैक्स उसुल रही है तो हम नगर पालिका को टेस्ट किस बात का दिन हमें कौन सी सुविधाएं मिल रही है । नगर पालिका टैक्स सुविधा के नाम पर वसूलती है जब सुविधा नहीं तो फिर नगर पालिका वार्ड वासियों से टैक्स कैसे वसूल सकती है। लगभग 1 घंटे तक नगर पालिका कर्मचारियों को वार्ड वासियों की नाराजी का सामना करना पड़ा। इस दौरान वार्ड वासियों ने नगर पालिका अधिकारी आरके इवनाती से फोन पर चर्चा की उन्होंने आश्वासन दिया तब तक वार्ड वार्ड पार्षद सुरेश पौनिकर भी वार्ड वासियों के बीच पहुंचे, समझाइस के बाद कुछ लोगों ने टैक्स की राशि देना स्वीकार की किंतु साथ में ही अपनी समस्याओं को लेकर एक आवेदन भी नगर पालिका अधिकारी के नाम कर्मचारी को सौपा।

रहवासियों ने जताई नाराजगी



### एसडीएम के आदेश का नहीं हुआ पालन

गत दिनों पटेल वार्ड के के उक्त नाली में गिरकर रवि जैन जीने जिन्हें मासाब के नाम से जाना जाता था इस नाली में गिरकर मौत हो गई थी इसके बाद वार्ड वासियों ने एसडीएम तृप्ति पटैरया से शिकायत कर नाली पर पाइप डाले जाने की मांग की थी जिस पर एसडीएम ने तत्काल नगर पालिका को इस समस्या का समाधान करने के आदेश दिए थे किंतु महीना बीत जाने के बावजूद भी उनके आदेश का परिपालन नहीं हो सका है।

### समस्या से कराया है अवगत नहीं होती कार्रवाई

वार्ड पार्षद सुरेश पौनीकर बताते हैं कि बरसात में पानी भरने की समस्या हो या नाली में हो रही दुर्घटनाओं के मामले चाहे रोड निर्माण एवं स्टेट लाइट की समस्या हो, नगर पालिका अधिकारी ,एसडीएम को अवगत करा चुके हैं। नगर पालिका परिषद में प्रस्ताव पारित करा दिया किंतु कोई काम नहीं हो रहा है लोग परेशान है। अब एक ही रास्ता शेष है की जनता के साथ सड़कों पर उतरकर विरोध करें।

### कचरा घर में तब्दील होता रहा लाड़लियों का स्कूल परिसर, अतिक्रमण हटाएगी नपा

# गर्ल्स स्कूल की बाउंड्री से जुड़े घरों के सीवरेज की परिसर में निकासी

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सूरजगंज के पीछे बने रहवासी आवासों का सीवरेज का पानी स्कूल परिसर में जमा हो रहा है, यहां के कई रहवासी बाउंड्री में होल करके सीवरेज का पानी स्कूल परिसर में निकाल रहे हैं, इसके अलावा यहां के लोग परिसर को कचरा घर समझकर कचरा फेंक रहे हैं। ऐसे में यहां पढने वाली छात्राओं के साथ ही स्टाफ को भी दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शासकीय गर्ल्स स्कूल में सैकड़ों छात्राएं अध्ययन कर रही हैं। स्कूल भवन की बाउंड्री से जुड़ी सूरजगंज बांस डिपो वाली लाइन के घर भी हैं। लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए मकानों को स्कूल की बाउंड्री से चिपकाकर बनाया है। इसलिए घरों के पीछे दूषित पानी की निकासी के लिए नाली का अभाव है। नाली नहीं होने के कारण यहां रहने वालों ने स्कूल की बाउंड्री में होल करके दूषित पानी की निकासी स्कूल परिसर में कर दी है। ऐसे में घरों से निकलने वाला दूषित पानी स्कूल परिसर में जमा हो रहा है। इतना ही नहीं, यहां के लोग कचरा भी सीधे स्कूल परिसर में ही फेंक देते हैं, जिससे गर्ल्स स्कूल का वातावरण प्रदूषित हो रहा है। बाउंड्रीवाल से कुछ दूरी पर ही स्कूल भवन हैं, जहां छात्राएं पढ़ाई करती हैं। खिड़की खुली होने पर वही दुर्गंध क्लास रूम में आने के कारण खिड़की को बंद रखना पड़ता है। दुर्गंध के कारण जहां छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित होती है, तो वहीं वह अपनी क्लास रूम में बैठकर खाना भी नहीं खा पाती। इन तमाम अव्यवस्थाओं का सामना छात्राओं के साथ ही स्टाफ एवं शिक्षकों को करना पड़ रहा है।

#### नहीं बने पक्के शौचालय

बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत यहां लोगों ने घर तो बना लिए लेकिन पक्के शौचालय नहीं बनाए। शेप्टी टैंक नहीं खुदवाने से शौचालय का पानी और गंदगी भी स्कूल परिसर में जमा होती है।

#### की जा चुकी है शिकायत

गर्ल्स स्कूल में यह समस्या कोई नई नहीं है। पिछले कुछ सालों से लगातार यही हालात हैं। तत्कालीन प्राचार्य अखिलेश शुक्ला ने भी छात्राओं की इस समस्या को देखते हुए नपा को पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराया था। तब नपा द्वारा जेसीबी के जरिए यहां सफाई करवाई थी, लेकिन समस्या का स्थाई हल नहीं निकाला। सफाई कराने के बाद यह सिलसिला जारी है, आज भी दूषित पानी स्कूल की दीवारों के किनारे जमा हो रहा है। वहीं कचरे का ढेर भी लग रहा है। लेकिन छात्राओं की इस समस्या पर किसी का भी ध्यान नहीं है।

#### इनका कहना है

लोगों ने बाउंड्री से सटाकर घर बनाने के साथ ही सीवरेज का दूषित पानी भी स्कूल परिसर में निकाल रहे हैं। जिससे उठने वाली दुर्गंध से छात्राओं को काफी परेशानी होती है। इस समस्या के निराकरण को लेकर नपा को पत्र लिखा है। पहले भी इसकी शिकायत की गई थी, लेकिन स्थाई हल नहीं निकल पाया।

**सतीश खुरको**, प्राचार्य गर्ल्स स्कूल

बस्ती के लोगों ने अतिक्रमण कर बाउंड्री से सटाकर घर बना लिए हैं, जिससे दूषित पानी निकासी की कोई जगह नहीं है। जल्द ही अतिक्रमण को हटाने की कवायद की जाएगी ताकि स्कूल की छात्राओं को हो रही परेशानी से निजात मिल सके।

**पंकज चौरे**, नपा अध्यक्ष, इटारसी

# लोगों को डराने वाला आरोपी मय देशी पिस्टल व मैगजीन के गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



शिवपुर थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने ग्राम उमरिया घाट के पास से अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से देशी पिस्टल के अलावा एक जिंदा और एक चला हुआ कारतूस भी मिला हैं। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी है।

थाना प्रभारी विवेक यादव ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस की मुखबिर से सूचना मिली थी कि संजय उर्फ संजू पिता रामचन्द्र भारती नाम का युवक नर्मदा तट उमरिया घाट के पास खड़ा है, जिसके पास अवैध हथियार है। सूचना पर थाना प्रभारी विवेक यादव सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के वहां पहुंचते ही एक युवक भागने लगा। ऐसे में पुलिस टीम ने दबोच लिया। इसके पास से एक देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किए गए। शिवपुर थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी संजय उर्फ संजू पिता रामचंद्र भारती शिवपुर थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम उमरिया का रहने वाला है। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जाएगा। पूरी कार्रवाई के दौरान थाना प्रभारी विवेक यादव, सहायक उपनिरीक्षक अमर सिंह मालवीय, प्रधान आरक्षक राजेश परते, आरक्षक महेंद्र गुर्जर, गौरीशंकर विश्वकर्मा, अमर तंवर, कृष्णगोपाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य कॉलेज के माध्यम से संपन्न किया



**पिपरिया।** शहीद भगत सिंह महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के द्वारा होली महोत्सव एवं मतदाता जागरूक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सुबह से ही छात्राएं मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए रेट में रंगोली साफ सफाई के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मास्टर ट्रेनर प्राचार्य डॉक्टर स्क मेहरा उपस्थित रहे संचालन तुलसी कुशवाहा के द्वारा किया गया सूखी होली का संदेश दिया गया जल का संरक्षण कैसे किया जाता है इस बात को लेकर भी जागरूक किया गया विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया मतदाताओं को जागरूकता कर छात्रों को संबोधित किया गया मतदान मतदाता घर-घर जाकर चुनाव आयोग द्वारा मतदान कार्य दिव्यांग लोगों के मतदान की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया छात्रों से जागरूकता प्रचार प्रचार की अपील की गई सभी वालंटियर के प्रश्न और समस्याओं को ध्यान से सुना गया समाधान किया गया उसके बाद इस तरह से जागरूकता का कार्यक्रम चलताजागरूकता का कार्यक्रम चला रहा। दौरान निर्वाचन अधिकारी संतोष तिवारी के द्वारा स्टीयरिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से लोकसभा प्रत्याशी संजय शर्मा दर्शन चौधरी पवन वालिया शरद चौधरी सहित दोनों दलों के समर्थक एवं चुनाव अधिकारी उपस्थित रहे।

# चित्रगुप्त पूजन और होली मिलन समारोह संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

श्रीवास्तव कायस्थ समाज के द्वारा होली के दूज के त्योहार पर चित्रगुप्त भगवान का पूजन किया गया कलम दवात का पूजन कर सामाजिक लोगों के द्वारा होली मिलन समारोह गुलाल लगाकर संपन्न किया गया। इस अवसर पर कायस्थ समाज की जिला अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष नीति श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष प्रीती खरे, शैलेंद्रनाथ, सुरेश सक्सेना, राजेश, अजय निगम, कार्तिक खरे, राजेंद्र श्रीवास्तव, सुमन वर्मा, लखन लता श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या सामाजिक सदस्य उपस्थित रहे। श्रीवास्तव समाज कायस्थ समाज के द्वारा भगवान चित्रगुप्त का पूजन अर्चन के साथ कलम दवात की पूजा की जाती है। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी उनके द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया उसके पूर्व में भी अन्य आयोजन किया जा चुके हैं। सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# गर्मी के मौसम में सड़क पर बहता पानी, जल जीवन मिशन योजना को लग रहा पलीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल समस्या का अंत करने के लिए सरकार द्वारा लगभग दो वर्ष पूर्व जल जीवन मिशन योजना संचालित की जिसके तहत सेमरी हरचंद एवं जमुनिया में प्रत्येक घर में नल से जल पंहुचाने का ठेका शासन द्वारा ग्वालियर की राज सॉल्यूशन एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया गया परंतु लापरवाही मनमानी तथा लेट लतीफ के चलते योजना को पलीता लगते स्पष्ट दिखाई दे रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से ठेका प्राप्त करने के बाद सबसे पहले राज कंस्ट्रक्शन एंड सॉल्यूशन कंपनी ने ग्रामीण क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाने के नाम पर दोनों गांव की सड़कों को खोद खोद कर नष्ट कर दिया। जिससे ग्राम वासियों को महीनों तक आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ा।

पाइपलाइन में नली जोड़ने के नाम पर घटिया उपकरणों का उपयोग किया गया जिसके परिणाम स्वरुप अल्प समय में ही जगह-जगह से नल कनेक्शन उखड़े एवं ठेकेदार के कर्मचारियों की की लापरवाही के चलते आज भी अनेक जगह फूटी पाइपलाइनों से लाखों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। नल स्टैंड की बात करें तो वह भी गुणवत्ता विहीन है एवं घरों के सामने लगा दिए गए हैं जिनमें कनेक्शन करना बाकी है इस संबंध में लोग स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से पूर्व में भी चर्चा हुई परंतु हर बार अधिकारियों द्वारा काम में सुधार का केवल आश्वासन दिया जाता है और ठेकेदार के कर्मचारियों की कार्यशैली में किसी प्रकार का अंतर नहीं दिखाई देता। इस संबंध में जब लोग स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सोहागपुर विकासखंड के प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी दर्शन धुर्वे के मोबाइल नंबर 78699 89507 पर संवाददाता ने बात करनी चाही तो उनके द्वारा संवाददाता का फोन रिसीव नहीं किया गया।

# आबकारी विभाग ने जब्त की 2 लाख रुपए की अवैध शराब और सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम आबकारी उडनदस्ता टीम द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही 91 लीटर कच्ची हाथभट्टी शराब एवं 900 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया एवं अवैध शराब परिवहन करते हुए एक मोटरसाइकिल जप्त आरोपियों के मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के अंतर्गत कार्यवाही कर 10 प्रकरण कायम किये जप्त सामग्री की अनुमानित कीमत 1 लाख 95 हजार 100 रूपए आंकी गई है। विदित हो कि कलेक्टर सोनिया मीना के लोकसभा चुनाव के परिपेक्ष में निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में इटारसी शहर में अवैध शराब की बिक्री,परिवहन एवं संधारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में विगत 27 मार्च से अभी तक लगातार आबकारी उडनदस्ता टीम इटारसी द्वारा कर्यवाही की गई है। कार्यवाही में 91 लीटर देशी एवं कच्ची हाथ भट्टी मदिरा, 900 किलोग्राम महुआ लहान एवं एक दोपहिया वाहन जप्त किया गया है। माखन नगर रोड के चक्कर चौराहे पर नाकाबंदी करने पर दो आरोपियों से परिवहन करते हुए कुल 38 पाव अंग्रेजी शराब जप्त किया गया एवं मदिरा परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जप्त कर कब्जा आबकारी लिया गया है। दोनों आरोपियों नितेश मंडल पिता अनु चंद्रोल तथा विपिन अहिरवार के खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 1 क के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। जप्त मदिरा एवं मोटरसाइकिल की कुल कीमत 70 हजार आंकी गई है। मदिरा एवं वाहन कब्जे आबकारी लेकर आरोपियो पर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34.1 (क) के तहत कुल 11 प्रकरण कायम किया गये। जप्त की गई सामग्री की अनुमानित कीमत कुल 1 लाख 95 हजार 100 रूपए है। आबकारी टीम में उपनिक्षक के के पड़रिया नीलेश पवार वासुदेवाचार्य त्रिपाठी आबकारी आरक्षक मदन रघुवंशी धर्मेंद्र बारंगे राजेश गौर एवं दुर्गेश पठारिया शामिल रहे। आबकारी दल द्वारा मुखबीरो को सक्रिय कर इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# श्रीजी नगर में फाग उत्सव और देवी जागरण के भजनों पर झूमे श्रोता

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



रंगो के त्योहार होली पर मालवीयगंज क्षेत्र के श्रीजी नगर कालोनी में पारिवारिक उत्सव समिति द्वारा बीते दिनों फाग उत्सव एवं देवी जागरण का भव्य आयोजन किया गया। समिति के सदस्य पं अमन द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि कालोनी वासियों के सामूहिक सहयोग से तीसरे वर्ष में फाग उत्सव का आयोजन किया गया था। संपूर्ण आयोजन लोकसभा चुनाव अंतर्गत जारी आदर्श आचार संहिता के नियमो के अंदर संपन्न हुआ। फाग उत्सव एवं देवी जागरण में नगर के प्रतिष्ठित मां के बेटे जागरण ग्रुप ने भजन एवं होली के गीत गाए। इस दौरान श्री कृष्ण, हनुमान जी एवं भगवान शंकर की मनमोहक झांकी भी सजाई गई। तीनों देव झांकियों को श्रद्धालुओं ने खूब सराहा। श्री कृष्ण ने सभी धर्म प्रेमी जनता के साथ गुलाल खेलकर होली उत्सव मनाया। जागरण ग्रुप के आलोक शुक्ला एवं वीणा ठाकुर ने अपने सुंदर और आकर्षक गीतो से लोगो का मन मोह लिया, सभी श्रोता झूमकर खूब नाचे।

# विप्र समाज ने मनाया होली मिलन समारोह फाग गीतों के साथ जमकर किया नृत्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगर ग्रामीण ब्राह्मण समाज के द्वारा पचमढ़ी रोड स्थित मनोज दुबे के सिध्दीविनायक गार्डन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से समाज के वह लोग जिन्हें गीत संगीत से प्रेम है उन्हें एक सप्ताह पूर्व से आमंत्रित किया गया था इस बार यह विशेष कार्यक्रम यह रखा गया था कि जो लोकगीत संगीत के प्रेमी हैं वह अपनी प्रस्तुति मंच के समीप देंगे और समाज के बीच अपनी प्रस्तुति करेंगे। लगभग 28 लोगों ने अपने गीत संगीत भजन कविताएं जैसी अनेकों प्रस्तुतियां दी 7 वर्ष से लेकर 70 वर्ष तक के लोगों ने अपनी प्रस्तुतियां दी हैं। भगवान परशुराम एवं मां सरस्वती के पूजन के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दिनेश उपाध्याय के द्वारा किया गया। कार्यक्रम मुख्य रूप से आदित्य पलिया, राजकुमार पलिया, विनोद पलिया, अरुण जोशी,अनिल तिवारी आदि मौजूद रहे। महिला शक्ति अधिक संख्या में उपस्थिति रही सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। लोगों की प्रस्तुतियां चलती रही आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर भी ब्राह्मण समाज में ब्राह्मण प्रत्याशी चर्चा का विषय बन रहे। सभी लोगों का स्वागत सम्मान किया गया। पूर्वक सफलतापूर्वक कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# मां से बिछड़े हिरण के बच्चे की दूध पिलाकर हो रही सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नयायार्ड की मालवीयनगर कालोनी में कहीं से भटककर या अपनी मां से बिछुड़कर हिरण का एक बच्चा आ गया। कालोनी के निवासी मदन वर्मा की सूचना पर वन विभाग की टीम ने जाकर उस बच्चे का रेस्क्यू किया। वनपरिक्षेत्र अधिकारी इटारसी श्रेयांश जैन स्वयं इस बच्चे की देखभाल कर रहे हैं और वे अपने हाथों से ही इसे दूध पिला रहे हैं। फिलहाल हिरण का यह बच्चा वन कार्यालय में है और रेंजर की देखरेख में है। रेंजर श्री जैन के मुताबिक हिरण (ब्लैक बक) का यह बच्चा 3 से 5 दिन का है, जो अपनी मां से बिछड़ गया है। जल्द उसे हिरणों के झुंड में सकुशल जंगल में छोड़ा जाएगा।

### दो कन्याओं का दिव्य समर्पण समारोह संपन्न, निकाली शिव बारात, नमन नर्मदा गार्डन में किया समारोह का आयोजन

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान करता है विचारों में परिवर्तन लाने का कामः ब्रह्माकुमारी दीदी डॉ. रानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




शहर के नमन नर्मदा गार्डन में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा दिव्य समर्पण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने राज योगिनी ब्रह्माकुमारी शारदा दीदी राष्ट्रीय संयुक्त का महिला प्रभाग एवं राजयोगिनी ब्रह्म कुमारी अवधेश दीदी क्षेत्रीय निर्देशिका भोपाल जोन शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान अलौकिक समर्पण समारोह में भगवान शिव के साथ विवाह कराया गया। सात फेरे लेकर सात वचन लिए गए। संस्थान से गाजे बाजे के साथ शिव बारात निकाली गई। यह जानकारी पत्रकार वार्ता में रसूलिया स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान में दीदी ब्रह्मकुमारी बीके रानी ने दी उन्होंने कहा कि समाज को जागृत करने, वर्तमान दशा सुधारने और लोगों की सेवा करने के लिए 86 साल पहले प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम की स्थापना हुई थी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी का उद्देश्य स्वस्थ और खुशहाल और स्वर्णिम समाज बनाना है। हमें हमें जीवन में शांति और खुशहाली लाना है। इसी उद्देश्य से संस्था सेवा करता है। पूरे ऑर्गेनाइजेशन में मातृशक्ति काम कर रही है। नर को नारायण और नारी को लक्ष्मी बनाना ही संस्था का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि विचारों में परिवर्तन लाने का काम प्रजापति ब्रह्माकुमारी करता है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए ब्रह्म कुमारी दीदी डा बीके रानी ने कहा हमें ईश्वर दर्पण बना देता है तब हम समर्पित हो जाते हैं। इस समर्पण समारोह कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी के परिवार वाले भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि न को नारायण बनाना है और नारी को लक्ष्मी। इसके साथ ही मानव जीवन को मूल्यवान बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि नमन नर्मदा गार्डन में समर्पण समारोह का आयोजन किया गया है।

#### समर्पण कार्यक्रम को लेकर निकलेगी भव्य शिव बारात

शुक्रवार को नमन नर्मदा गार्डन में समारोह का आयोजन किया गया। संस्थान से 3 बजे शिव बारात निकली और माउंट आबू से इस कार्यक्रम में राजयोगिनी शारदा दीदी भी पहुंचीं। वहीं अवधेश दीदी भोपाल से पहुंची। परिवार वालों के सामने बहनों के समर्पण कार्यक्रम हुआ। इस दौरान सांस्कृतिक, समर्पण गीत और रंगारंग कार्यक्रम हुए। शिव जी के साथ यह बहनें सात फेरे के साथ सात वचनों और संकल्प भी लिया।

#### ईश्वर हमें दर्पण बना देता है तब हम समर्पित हो जाते हैंः दीदी सुनीता

ईश्वर हमें दर्पण बना देता है, तब हम समर्पित हो जाते हैं । ईश्वरीय कार्य के लिए दुनिया में हम आए हैं। ईश्वर की सेवा करें यह हमें सौभाग्य मिला है। कार्यक्रम का उद्देश्य है कि समाज में टेंशन, परेशानी, मन अशांत हो तो जीवन को कैसे खुशहाल बनाएं यही इसका उद्देश्य है। इस संस्थान में मेडिटेशन कराया जाता है। इसमें जाति, आयु, वर्ग नहीं देखा जाता, विद्यालय में सभी लोग मेडिटेशन करते हैं और अपने जीवन में परिवर्तन लाते हैं । यह बात संस्था की प्रमुख दीदी बीके सुनीता ने कहीं। संस्था का उद्देश्य जीवन को मूल्यवान बनाना, समाज को मूल्यांकन बनाना है। जीवन का मूल्य घट रहा है । जीवन में शांति, प्रेम, दया लाना है । नर ऐसी करनी करें कि नारायण बन जाए और नारी ऐसी करनी करें कि लक्ष्मी बन जाए। उन्होंने राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मू का भी जिक्र किया और कहा कि वे भी इस स्थान से जुड़ी हैं और समय-समय पर उनके द्वारा कार्यक्रम कराए जाते हैं। हमारे 20 प्रभात इस संस्थान में है। इसके साथ ही शहर में इतवारा, रसूलिया, नारायण नगर ने भी संस्थान है जहां पर सैकड़ों लोग मेडिटेशन कर रहे हैं । यहां पर बच्चे, युवा सभी पहुंच रहे हैं और मेडिटेशन कर शांत और तनाव मुक्त जीवन जी रहे हैं। इसके साथ ही नारायण नगर में 25 साल संस्था के हो जाने पर सिल्वर जुबली कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

## खबर संक्षेप

### आज मनेगी रंगपंचमी शहर में निकलेगा गेर

**हरदा।** हर साल की तरह इस साल भी रंग पंचमी के अवसर पर आज धर्म रक्षा समिति के द्वारा शहर में गेर निकाला जाएगा। गैर यात्रा निकालने को लेकर समिति के पदाधिकारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं को अलग अलग दायित्व सौंपे गए हैं। धर्म रक्षा समिति से जुड़े श्याम शर्मा और अनुराग पांडे ने बताया कि आज शनिवार सुबह 10 बजे से गेर यात्रा की शुरूआत गुर्जर बोर्डिंग से होगी, जो गली नंबर एक से होते हुए महाराणा प्रताप चौक से दीप कार्नर पहुंचेगी। यहां से परशुराम चौक,पोस्ट ऑफिस चौरहे से सिटी कोतवाली के सामने से होते हुए नारायण टॉकीज चौराहे से घण्टाघर पहुंचेगी। इसके बाद यात्रा का समापन शिवाजी चौक पर होगा। समिति के पदाधिकारियों ने सभी हिन्दू भाइयों से इस आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया है।

### बिजली समस्या को लेकर दफ्तर पहुंचे किसान

**हरदा।** सिराली तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम धुपकरन के लोग डीपी खराब होने की समस्या को लेकर शुक्रवार को बिजली विभाग के दफ्तर पंहुचे। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग के अधिकारियों को पहले भी कई बार इस समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं 10 मार्च से गांव की राठौर आटा चक्की के पास लगी डीपी बंद पड़ी हुई है। जिसके चलते पूरे गांव के लोगों को बिजली की समस्या से परेशान होना पड़ रहा है। इस मामले को लेकर विभागीय अधिकारियों के द्वारा उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि उक्त स्थान पर लगी डीपी का लोड बढ़ाकर उसे बदला जाए, ताकि आए दिन ग्रामीणों को बिजली के लिए परेशान ना होना पड़े।

### जिले के 100 मतदान केन्द्रों की कमान महिलाओं के हाथ में होगी

**हरदा।** लोकसभा चुनाव में इस बार जिले के करीब 100 मतदान केन्द्रों पर केवल महिला मतदान दल ही चुनाव कराएंगे। यहां पुरुष कर्मचारियों को तैनात नहीं किया जाएगा। इसके अलावा अन्य मतदान दलों में भी महिला कर्मचारियों को शामिल किया जाएगा। गौरतलब रहे कि गत चुनाव में जिले में 91 पोलिंग बूथ बनाए गए थे।आयोग के द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल निर्धारित की गई है तथा नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 5 अप्रैल को की जाएगी। अभ्यर्थिता वापस लेने की तिथि 8 अप्रैल निर्धारित की गई है। संसदीय क्षेत्र में मतदान आगामी 26 अप्रैल को होगा तथा मतगणना आगामी 4 जून को सम्पन्न होगी। जिले में कुल 517 मतदान केन्द्र है, जिनमें से हरदा विधानसभा में 274 तथा टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में 243 मतदान केन्द्र है। जिले में कुल 428020 मतदाता है, जिनमें 220974 पुरूष, 207040 महिला तथा 6 अन्य मतदाता शामिल है। प्रशासन ने मतदाता सूची में 4290 दिव्यांग मतदाता चिह्नित किए गए हैं। इसके अलावा 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाता 2164 है। मतदाता सूची अनुसार जिले के मतदाताओं का जेंडर रेशो (लिंग अनुपात) 937 और ईपी रेशो (मतदाता-जनसंख्या अनुपात) 62.16 है। जिले की हरदा विधानसभा में कुल 237362 मतदाता है, जिनमें 122479 पुरूष,114877 महिला तथा 6 अन्य मतदाता शामिल है। वहीं टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में कुल 190658 मतदाता है, जिनमें 98495 पुरूष तथा 92163 महिला मतदाता शामिल हैं।

### भाजपा की 43 समितियां संभालेंगी लोकसभा चुनाव का प्रबंधन

**बुरहानपुर।** खंडवा संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी ने बुरहानपुर जिले में 43 चुनाव प्रबंधन समितियों का गठन किया है। जिसमें बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए 22 और नेपानगर विधानसभा क्षेत्र के लिए 21 समितियां गठित की गई हैं। यह समितियां दोनों विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव का प्रबंधन संभालेंगी। मीडिया प्रभारी संजय वारूड़े ने बताया समितियों का गठन जिला प्रभारी व लोकसभा चुनाव प्रभारी कल्याण अग्रवाल की उपस्थिति में जिला अध्यक्ष डॉ मनोज माने द्वारा किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ मनोज माने ने बताया कि जिले के पदाधिकारियों को विधानसभा वार दायित्व सौंपे गए हैं जिसमें सभी को उनकी रुचि अनुसार कार्यों का विभाजन किया गया है। यह सभी पदाधिकारी अपने अपने विधानसभा क्षेत्र के तय कार्यक्रमों को सफल बनाएंगे।

---

### 27 देशी पिस्टल, 5 अधबनी देशी पिस्टल सहित एक 12 बोर कट्टा जब्त किया

# अहिरखेड़ा चौकी पुलिस को मिली सफलता अवैध हथियारों सहित एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

जिले में लोकसभा चुनावों को देखते हुए पुलिस द्वारा अवैध हथियार बनाने, बेचने और इनकी सप्लाई करने वाले तस्करों के खिलाफ विशेष ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले की अहिरखेड़ा चौकी पुलिस ने अवैध हथियारों के तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। मुखबिर से मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक हथियार तस्कर सहित 27 देशी पिस्टल और 5 अधबनी देशी पिस्टल सहित एक 12 बोर कट्टा भी जब्त किए हैं।

अहिरखेड़ा चौकी प्रभारी धर्मेंद्र यादव ने बताया की वरिष्ठ अधिकारीयों को मुखबिर से सूचना मिली थी कि, ग्राम सिगनुर मे नर्सरी फल्या के पास एक व्यक्ति भारी मात्रा मे अवैध पिस्टल बना रहा है जिसकी सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए। मुखबिर के बताए स्थान पर पहुँच कर नर्सरी फालिए के पास घेराबंदी कर दबिश दी गई। पुलिस टीम के द्वारा वहाँ जा कर देखा तो वहाँ एक व्यक्ति अवैध पिस्टलों का निर्माण कर रहा था। पुलिस टीम के द्वारा उस व्यक्ति को हमराह फोर्स की मदद से पकड़ा गया व उसका नाम पता पूछा गया जिसमे उस व्यक्ति ने उसका नाम कृष्णा पिता दिलीप सिंह भाटिया जाति सिकलीगर बताया। कृष्णा की तलाशी लेने पर उसकी कमर से एक देशी पिस्टल खुसी हुई मिली जिसका लाइसेंस व दस्तावेज के बारे मे पूछने पर कोई वैध दस्तावेज नहीं होना बताया। पुलिस टीम के द्वारा रखे बोरे मे देखा तो उसमे 26 नग अवैध देशी पिस्टल,5 अधबनी अवैध देशी पिस्टल एवं एक 12-बोर देशी कट्टा मिली जिसे पुलिस टीम ने मौके पर ही जप्त किया गया। साथ ही पुलिस टीम ने अवैध पिस्टल बनाने के संसाधन ग्राईंडर मशीन, एक हथौड़ी, दो संडासी,पंखा भट्टी जप्त की है।



#### कार्रवाई में ये रहे मौजूद

उक्त कार्यवाही में एसडीओपी राकेश आर्य के मार्गदर्शन में गोगावां थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी नेतृत्व में, सउनि शक्ति सिकरवार, शत्रुघन देशमुख, प्रआर भोला प्रसाद द्विवेदी, मोहसीन, दिनेश मंडलोई,राजेन्द्र चौहान, आर राजेश जायसवाल, आर संतोष बामनिया, विमल यादव, अनिल बामनिया, अखिलेश, राहुल सामुद्रे, हेमंत सपकाले, आशीष, विशाल एवं सायबर सेल टीम खरगोन का विशेष योगदान रहा।

---

### एक घायल नाबालिग को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय किया रेफर

# आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौके पर मौत

### गोगावां थाना क्षेत्र के ग्राम सिगनूर के दमाड़िया फाल्या का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



गोगावां थाना क्षेत्र के ग्राम सिगनूर में शुक्रवार को करीब 3 बजे के आसपास आकाशीय बिजली गिरने के कारण एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक बालक घायल हुआ है जिससे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रेफर किया है। बतादें जिले में सुबह से मौसम ने करवट ले रखी है चारो ओर बादल छाए हुए हैं। ग्राम दमाडिया फाल्या में अचानक से करीब 3 बजे तेज हवा के साथ वर्षा होने लगी जिससे बचने के लिए महिला व बालक बबूल के पेड़ के नीचे खड़े थे अचानक आकाश से भयंकर आवाज के साथ बिजली कड़की और बबूल के पेड़ को छूते हुए आगे की ओर निकल गई पेड़ के नीचे खड़ी महिला लीलू पति पूनम 30 वर्षीय निवासी दमाडिया फल्या की बिजली की चपेट में आने मौके पर ही मौत हो गई। वहीं महिला के साथ खड़े सुनील पिता सुखलाल 12 वर्षीय बालक बिजली की चपेट में आने से घायल हुआ है उपचार के लिए जिला चिकित्सालय खरगोन रेफर किया है। सिगनुर में बबूल के पेड़ के नीचे आकाशीय बिजली गिरी , जिसमें मौके पर पर ही महिला की मौत हुई, हादसे में 11 घायल बच्चे को जिला अस्पताल में किया भर्ती गया। बिजली गिरने से मौके पर अफरा तफरी मच गई थी। घटना के बाद मौके पर पहुँची पुलिस, मृतर्क महिला के परिजनों ने बताया कि महिला इंदौर में जोमैटो कम्नपी में डिलेवरी का काम करती है। निर्माणाधीन मकान पर महिला पहुँची, इस दौरान हादसा हो गया।

---

## भार्गव परिवार ने बेटी के जन्म लेने पर गम नहीं उत्साह के साथ मनाई खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

आज से कुछ वर्ष पूर्व बेटी के जन्म लेने पर घर में उत्साह नहीं मातम छा जाता था। कुछ परिवार वाले बेटी के जन्म लेने पर महिला को बुरा भला कहते हुए कोसते थे। बेटी को वरदान नहीं अभिशाप माना जाता था। लेकिन अब जन्म लेने वाली बेटी का उत्साह के साथ परिवार स्वागत करता है गांव में खुशियां मनाई जाती है। बेटी के आगमन पर गीत गाए जाते हैं मिठाई बांटी जाती है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व बेटे बेटियों में भेदभाव के चलते बेटियों की संख्या में कमी देखी देखी गई, लेकिन केंद्र और प्रदेश सरकार की महिला सशक्तिकरण बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसी योजना के चलते आज बेटे और बेटियों ने बराबर का दर्जा प्राप्त कर लिया, जिले के राजनी गांव में एक अद्भुत नजारा देखने को मिला। राजनी गांव के रहने वाले सौरभ भार्गव के घर बेटी का जिला अस्पताल में जन्म हुआ। जिला अस्पताल से छुट्टी होने के बाद इस बच्ची को 108 एंबुलेंस के माध्यम से उसके गांव भिजवाया जाना था। लेकिन परिवार वालों ने पूरे 108 एंबुलेंस को दुल्हन की तरह सजाया। इसके बाद इस 108 एंबुलेंस को ढोल धमाके के साथ बच्ची को लेकर गए खंडवा जिला अस्पताल से उसके गांव तक लेकर गए। गांव में जाते ही आतिशबाजी कर बच्ची का घर में लक्ष्मी की तरह प्रवेश कराया गया। बेटी के जन्म के उत्साह का यह वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है।




---

## गुड फ्राइडे पर हुई प्रार्थना सभा, यीशु मसीह के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

**हरदा।** गुड फ्राइडे के मौके पर शुक्रवार को जिला मुख्यालय के ईसीआई चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मसीही समाज के लोगों ने प्रभु यीशु मसीह के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। जग को मानवता, प्रेम, दया, करुणा और शांति का संदेश देने वाले प्रभु यीशु को सूली पर लटकाए जाने की याद में शुक्रवार को गुड फ्राइडे पर मसीही समुदाय के लोगों ने सामूहिक प्रार्थना सभ में उनको नमन किया। इस दौरान प्रभु यीशु के सात वचनों को याद किया गया। साथ ही उनके मानवता-प्रेम के संदेशों को आत्मसात कर आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया। कभी इसी दिन प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ा दिया गया था। प्रार्थना सभा के दौरान फादर अजय त्यौफिल ने प्रभु के संदेशों के बारे में लोगों को बताया। साथ ही मानवता के लिए उनके बलिदान को याद किया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में मसीही समुदाय के लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रभु के सातों वचनों को याद किया गया। फादर त्यौफिल ने कहा कि वे मृत्यु के भय को त्यागकर प्रभु यीशु मसीह के बताए सत्य और शांति के मार्ग पर चलने का संकल्प लें। उन्होंने बताया कि प्रभु यीशु मसीह को जब सूली पर चढ़ाया गया तो सबसे पहले उन्होंने कहा कि हे पिता इन्हें क्षमा करना, क्योंकि ये नहीं जानते कि कर क्या रहे हैं। प्रार्थना सभा में प्रभु यीशु के सातों वचनों को एक-एक कर स्मरण कराया गया। प्रार्थना सभा के बाद मसीही भजनों की प्रस्तुति हुई।

---

### जिले में डॉग बाइट्स के इस माह 244 मामले सामने आए

# प्रेमनगर में डॉग बाइट्स से दो बुजुर्ग समेत 4 घायल, तीन ट्रामा सेंटर में भर्ती



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

शहर से लगी जैतापुर पुलिस चौकी के प्रेमनगर में गुरुवार देर रात को डॉग बाइट की घटना हुई। यहां चार लोगों के चेहरे पर हमला करते काट लिया। इस घटना में दो बुजुर्ग, एक बच्चा व एक महिला घायल है। उनके चेहरे पर हमला किया है। सभी को जिला अस्पताल लाया गया। जिनका डॉ. लखन पाटीदार ने इलाज किया। उन्होंने बताया कि तीन का ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। सभी स्टेबल हैं। चेहरे पर घाव हैं। पीड़ित श्रवण ने कहा घर में सो रहा था, तभी पागल कुत्ते ने घर के अंदर घुसकर मुझे नोंच दिया। परिजन धर्मेंद्र गांगले ने कहा अभियान चलाकर कुत्तों को पकड़ना चाहिए। इस घटना से लोगों में डर है।डॉ. पाटीदार के मुताबिक घायलों का इलाज किया। उन्होंने कहा कि डॉग बाइट के 4 लोगों को भर्ती किया है। ट्रामा सेंटर में 3 मरीज भर्ती है। उधर, जिले में डॉग बाइट्स के इस माह कुल 244 मामले सामने आ चुके है। पीड़ितों को एंटी रेबीज के इंजेक्शन लगाए गए।

#### हर माह 150 डॉग्स भेज रहे क्लीनिक

ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में स्ट्रीट डॉग्स की संख्या बढ़ रही है। नगर पालिका के स्वास्थ्य अधिकारी अमित डामोर का कहना है कि नगर पालिका का शहरी क्षेत्र में स्ट्रीट डॉग्स पकड़ने का अभियान रेगुलर चल रहा है। हर माह करीब 150 डॉग ट्रेचिंग ग्राउंड के क्लिनिक सेंटर पर नसबंदी के बाद छोड़ा जा रहा है। नपा प्रशासन का दावा है कि नए डॉग क्लिनिक की प्रक्रिया चल रही है।

---

### नंदी हाल में 51 किलो गुलाल और 51 किलो फूलों की बौछार

## सिद्धनाथ महादेव के दरबार में खेली हर्बल होली



**खरगोन।** शहर के अधिष्ठाता श्री सिद्धनाथ महादेव के परिसर में बाबा को सांकेतिक गुलाल लगाकर होली खेली गई। गुरुवार को सुबह 10 बजे हर्बल गुलाल व फूलों की होली खेली गई। बाबा के दरबार में होली के लिए 51 किलो विभिन्न रंगों का हर्बल गुलाल व 51 किलो फूलों की बौछार की गई। उज्जैन में हादसे को देखते हुए एहतियात के साथ पर्व मनाया गया। सिद्धनाथ बाबा के दरबार में सिर्फ पुजारी व मंदिर समिति पदाधिकारी सारे भक्तों की तरफ से बाबा को सांकेतिक रूप से प्राकृतिक गुलाल लगाकर होली की शुरुआत की। नंदी हाल में महोत्सव हुआ,समाज अध्यक्ष नीलेश भावसार व मंदिर समिति अध्यक्ष मनोज भावसार की अगुवाई में सुबह 7 बजे बाबा का आकर्षक श्रृंगार हुआ। उसके बाद भक्तों के दर्शन के लिए मंदिर खुल गया। सुबह 9.30 बजे मंदिर पुजारी हरीश गोस्वामी के सान्निध्य में महाआरती की गई।

#### होली महोत्सव मनाया

श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर समिति व श्रृंगार मित्रमंडल ने आयोजन की तैयारी की। इस दौरान उपाध्यक्ष राजेश भावसार व कोषाध्यक्ष गौरव भावसार, महिला मंडल अध्यक्ष डिंपल भावसार सहित बड़ी संख्या में शहर भर के श्रद्धालु शामिल थे। भोलेनाथ की ठंडाई का वितरण किया।

---

## नहर में आया पानी किसानों में खुशी का माहौल



**रहटगांव।** किसानों ने तवा नहर के पानी के आगमन पर जल की पूजा की एवं नारियल तोड़कर स्वागत किया। किसानों का कहना है कि यह नहर ज़िले के किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। ये किसान खमगांव स्थित नहर पर एकत्र हुए भजन, कन्या पूजन और मां नर्मदा का आवहान किया एवं मिठाइयां बांटी। किसानों को उम्मीद है कि इस बार सही समय पर पानी आने से गर्मी में मूंग की फसल की अच्छी पैदावार होगी। पानी की पर्याप्त उपलब्धता होने से किसानों का उत्साह बढ़ेगा।

---

# इंदौर-इच्छापुर हाईवे का रास्ता चौड़ा करने 293 साल पुराने ऐतिहासिक परकोटे का कुछ हिस्सा जेसीबी से तोड़ना जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर गुरूवार से ऐतिहासिक परकोटे के कुछ हिस्से को तोड़ने के लिए नगर निगम ने जेसीबी से काम चालू कराया था। शनिवार दोपहर तक भी यह काम जारी रहा। इसे लेकर कुछ लोग ऐतराज जता रहे हैं तो कुछ का कहना है कि परकोटा काफी पुराना हो चुका है। इससे नुकसान भी हो सकता था इसलिए नगर निगम का यह प्रयास अच्छा है।

गौरतलब है कि ऐतिहासिक परकोटे की दीवार करीब 297 पुरानी है। इसका निर्माण 1731 ईस्वी में शहर की सुरक्षा के लिए तत्कालीन शासक आसफ जहां निजामुल्मुल्क ने बनवाया था। यह करीब 8 किमी लंबा है, जिससे शहर कवर होता था। राजपुरा नाले के पास स्थित परकोटे का हिस्सा तोड़ रहे नगर नगर निगम द्वारा राजपुरा नाले के पास परकोटे का कुछ हिस्सा तोड़ा जा रहा है। यहां डिवाइडर बनाया जा रहा है, लेकिन डिवाइडर बनने से एक ओर का रास्ता संकरा हो रहा था। वहीं परकोटा क्षतिग्रस्त होने से हादसे की आशंका थी इसलिए निगम द्वारा दो दिनों से कोने के बड़े हिस्से को तुड़वाया जा रहा है।



जिला पुरातत्व पर्यटन व संस्कृति परिषद सदस्य इतिहासकार शालिकराम चौधरी ने कहा-दीवार न तोड़कर कोई और विकल्प अपनाया जाना चाहिए। यह हमारे शहर की पहचान है। वहीं त्रिलोक जैन ने कहा नगर निगम ने अच्छा प्रयास किया। भविष्य में यहां हादसा भी हो सकता था। इसलिए रोड चौड़ीकरण का यह प्रयास अच्छा है।

#### आयुक्त बोले- जनहित के कार्य में अनुमति लेना जरूरी नहीं

इसे लेकर नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने कहा- डिवाइडर बनने के बाद राजपुरा में रास्ता संकरा हो गया था। वाहनों के आवागमन में आसानी हो इसलिए परकोटे का कुछ हिस्सा तोड़ा गया है। इसे रास्ता चौड़ा होगा और वाहनों को निकलना आसान जाएगा। परकोटा शहर सीमा है। इसलिए जनहित कार्य में किसी से अनुमति लेना जरूरी नहीं है।

---

### सुरीले गीतों से गायकों ने समा बांधा, संगीत प्रेमियों ने गीतों का आनंद लिया

# नवचंडी मंच पर सुरीले गीतों की महफिल सजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

नवचंडी देवीधाम में चल रहे मेले के साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक, धार्मिक आयोजन भी लगातार हो रहे हैं। इसी कड़ी में रंग पंचमी की पूर्व संध्या पर नवचंडी मंच पर सुरीले गीतों की महफिल सजी 'रंग गीत संगीत के। कार्यक्रम में खंडवा के कराओके क्लब से जुड़े प्रतिभाशाली गायको ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरुआत गायक सत्येंद्र सोहनी ने मां नवचंडी की स्तुति से की। इसके बाद प्रहलाद राजानी ने सजन रे झूठ मत बोलो, आलोक खेड़ेकर ने ओ मेरी महबूबा, इमरान शेख ने फिल्म तेरे नाम का जोगिया लगन लगी, ओम प्रकाश चतुर्वेदी ने पूछे जो कोई मुझे बहार कैसी होती है प्रस्तुत किए। गोपाल भारद्वाज और विजय द्विवेदी ने युगल गीत गाया प्यार में कभी-कभी ऐसा हो जाता है। सत्येंद्र सोहनी ने रुक जाना ओ जाना हमसे दो बातें करके चली जाना पेश किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रफुल्ल मंडलोई सभी गीतों की पृष्ठभूमि और उनसे जुड़ी रोचक घटनाएं भी बता रहे थे जिससे दर्शकों गीतों से जुड़ कर आनंद ले रहे थे। उन्होंने मो.रफी का गीत लाखों है निगाह में जिंदगी की राह में प्रस्तुत किया।



शोभा संगीतालय के मध्यम से संगीत की शिक्षा दे रहे सुदीप मुखर्जी ने दिल दिया गल्ला, आलोक खेड़ेकर और विजया द्विवेदी ने ये गोटेदार लहंगा निकलूं जब डाल के, प्रशांत डोंगरे ने दिल को देखो चेहरा ना देखो, संदीप डोंगरे ने प्राण द्वारा अभिनीत गीत हम बोलेगा तो बोलोगे कि बोलता है की प्रस्तुति दी। युवा गायक इमरान शेख ने तू ही मेरी शब है सुबह है तू ही दिन है मेरा गाया। इसके बाद फागुन की मस्ती को मंच पर पेश किया प्रशांत डोंगरे और विजया द्विवेदी ने अपने युगल गीत योगी जी धीरे-धीरे से। प्रफुल्ल मंडलोई ने दीवाना मुझ सा नहीं इस अंबर के नीचे, गोपाल भारद्वाज ने गुंचे लगे हैं कहने, सत्येंद्र सोहनी ने ख्वाब हो तुम या कोई हकीकत,संदीप डोंगरे और विजया द्विवेदी ने फिल्म चलती का नाम गाड़ी का हाल कैसा है जनाब का पेश किया। संचालन कर रहे प्रफुल्ल मंडलोई ने बताया कि सीपीवी 13 नंबर की गाड़ी छोटे दादाजी को किसी राजा ने भेंट की थी ये गाड़ी अभी भी खंडवा के धूनीवाले दादा दरबार में रखी है, किशोर दा के पिताजी कुंजीलाल गांगुली दादाजी के अनुयायी थे। उन्होंने इसी मेक मॉडल की फोर्ड कार खरीदी थी जिसका नंबर सीपीवी 65 था और खरीदने के 30 साल बाद इस गाड़ी को उनके तीनों बेटों किशोर कुमार,अशोक कुमार, अनूप कुमार ने अपनी फिल्म चलती का नाम गाड़ी से पूरे विश्व में प्रसिद्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सुदीप मुखर्जी ने भाव प्रवण गीत बजाओ ढोल स्वागत में मेरे मेरे घर राम आएंगे प्रस्तुत किया। इसके बाद प्रहलाद राजानी ने फिल्म आवारा का टाइटल गीत आवारा हूं गाया। कराओके नाईट का समापन ओमप्रकाश चतुर्वेदी द्वारा प्रस्तुत येसुदास के मधुर गीत ओ गोरिया रे के साथ हुआ।

मंदिर प्रमुख एवं मेला आयोजक बाबा गंगाराम ने सभी कलाकारों को आशीर्वाद दिया उन्होंने कहा कि अगले वर्ष से बच्चों के लिए रामचरित मानस चौपाई गायन की प्रतियोगिता रखने के साथ ही धर्म,संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम भी किए जायेंगे ताकि हमारी नई पीढ़ी भारत की अमूल्य विरासत से परिचित हो सके। इस अवसर पर कार्यक्रम में महंत बाबा गंगाराम, मेला संयोजक निर्देश वर्मा, गंगेश वर्मा, मेला सहसंयोजक राम चंद्रवंशी, संतोष मोटवानी, राकेश दशोरे, प्रमोद जैन, डॉ.शरद अग्रवाल,डॉ.नरेंद्र जैन, सुनील जैन, गणेश भावसार, लव जोशी सहित शहर के संगीत प्रेमियों ने पूरे समय बैठकर सुरीली गीतों का आनंद लिया।

---

# फागुन के गीतों से दिया मतदाता जागरुकता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

लोकसभा चुनाव को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह के निर्देशन में जिले में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के संबंध में गांव से लेकर शहर तक जगह-जगह स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

इन गतिविधियों में समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास तथा स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी संजय त्रिपाठी ने बताया कि शुक्रवार को मतदाता जागरूकता गतिविधियों के तहत खिरकिया के वार्ड क्रमांक 1 व 5 में नुक्कड़ नाटक व फागुन के गीतों के माध्यम से मतदाताओं को 26 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान करने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर मतदाता जागरूकता के लिये मेंहदी व रंगोली गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। इसके अलावा ग्राम मुहालकला व लोनी के आंगनवाड़ी केन्द्रों में भी मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई।